जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक-19.06.2025**

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले में बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया:-

ज्ञात हो दिनांक 17.06.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की घटना कारित की गयी थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 19.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटना में लिप्त बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम:-

1.उ0नि0 श्री बाबूराम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.का0 कुलदीप सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

<u>जनपद शामली थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बदलूगढ में हुई व्यक्ति की हत्या में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।</u>

ज्ञात हो कि दिनांक 09.06.2025 की रात्रि में थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत देवेंद्र सिंह पुत्र पलटू सिंह निवासी ग्राम बदलूगढ थाना कैराना जनपद शामली अपने घेर में चारपाई पर बैठे थे तभी मोटर साइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा आकर फायर कर दिया जिससे एक गोली देवेन्द्र सिंह के सिर में लगने से घायल हो गये। घायल देवेन्द्र को उपचार हेतु सीएचसी कैराना ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरो द्वारा देवेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर तत्काल सभी उच्चाधिकारीगण, थाना कैराना पुलिस, एसओजी, सर्विलांस व फील्ड यूनिट द्वारा मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर प्रत्यक्षदर्शियों/परिजनों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। मृतक का मोमीन पुत्र करीमुद्दीन, भूरा पुत्र करीमुद्दीन, तनवीर पुत्र अब्दुल कय्यूम, यूसुफ पुत्र नूर मौहम्मद निवासीगण कस्बा कैराना जनपद शामली से दुकान पर कब्जे को लेकर माननीय न्यायालय कैराना मे वाद/विवाद चल रहा है। मृतक के पुत्र सुनील की तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर मु0अ0सं0 341/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम मोमीन आदि 04 नफर कैराना जनपद शामली के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उपरोक्त घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था। थाना कैराना पुलिस द्वारा घटना में लिप्त मौहम्मद मौमीन, भूरा उर्फ यामीन को दिनाँक 11.06.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना कैराना पुलिस द्वारा शेष अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 19.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बदलूगढ़ में हुई व्यक्ति की हत्या में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन किया गया है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1.यूसुफ पुत्र नूर मौहम्मद उर्फ भूरा निवासी मौहल्ला रोड की जोहडी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

थाना कोतवाली शामली/कैराना/झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 04 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 19.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली/कैराना/झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 04 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.राजबीर पुत्र मेहनती निवासी ग्राम खेडीकरमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.गौरव पुत्र दीपक निवासी ग्राम ताजपुर सिम्भालका थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.अनवर पुत्र सुबराती निवासी ग्राम खेडीकरमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हाल पता खुरगान रोड़ थाना कैराना जनपद शामली।

4.अहसान पुत्र सगीर उर्फ नजीर निवासी मौहल्ला तलाही थाना झिंझाना जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI